राजस्थान सरकार

कारखाना एवं बायलर्स निरीक्षण विभाग,

कार्यालयः मुख्य निरीक्षक कारखाना एवं बायलर्स, राजस्थान 6- सी, झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर- 302004

क्रमांकः एफ (बीए)/2010 जयपुर, दिनांकः **24.09.2014**

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विभाग द्वारा बायलर अटैण्डेंट नियम, 2011 के नियम 21 के अन्तर्गत प्रथम श्रेणी एवं द्वितिय श्रेणी बायलर अटैण्डेंट की परीक्षा आयोजित किया जाना निश्चित किया है।

परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यार्थी प्रात्रता यथा आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव संबंधित विस्तृत निर्देश, आवेदन फार्म, प्रपत्र **'क'** व पाठ्यक्रम (सिलेबस) आदि विभाग की वेबसाइट www.rajfab.nic.in से डाउन लोड करें अथवा कार्यालय समय में विभाग के किसी भी कार्यालय से प्राप्त करें।

परीक्षा में केवल राजस्थान राज्य के अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते हैं। अतः अभ्यर्थी राजस्थान राज्य का मूल निवास प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करें।

प्रथम श्रेणी परीक्षा शुल्क- रूपये **500/-** (अक्षरे पॉच सौ मात्र)- एवं द्वितिय श्रेणी परीक्षा शुल्क रूपये **300/-** (अक्षरे तीन सौ मात्र) मुख्य निरीक्षक कारखाना एवं बायलर्स, राजस्थान के नाम, जयपुर में देय डिमाण्ड ड्राफ्ट बनाकर भेजा जावे अथवा ई चालान द्वारा बजट मद **0230-00 -103-00-00** 'वाष्प बायलरों के निरीक्षण हेतु शुल्क' में जमा करा कर चालान की प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न की जावे।

इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित फार्म **'क'** में भरे हुये आवेदन पत्र पूर्णतया मय परीक्षा शुल्क व प्रमाणित दस्तावेज के कार्यालय मुख्य निरीक्षक कारखाना एवं बायलर्स, राजस्थान, 6-सी, झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर -302004 को दिनांक 31.10.2014 को सांयकाल 6.00 बजे तक व्यक्तिग रूप से अथवा स्पीड पोस्ट द्वारा पहुँच जाने चाहिये। इसके पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों को परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जावेगा।

आवेदन पत्र फार्म 'अ' में वर्णित अनुभव/ योग्यता एवं अन्य आवश्यक मूल दस्तावेज साक्षात्कार के समय लेकर आवे।

परीक्षा का स्थान:- **कार्यालय उप मुख्य निरीक्षक कारखाना एवं बायलर्स,**
436, शास्त्री नगर, दादाबाडी, कोटा

परीक्षा की तिथि:- परीक्षा की तिथि एवं समय प्रवेश पत्र के साथ सूचित कर दिया जावेगा।

किन्ही अपरिहार्य कारणों से परीक्षा आयोजन को स्थगित करने का अधिकार बोर्ड ऑफ एग्जामिनर्स को होगा।

Sd/-

(मुकेश जैन)
सचिव बोर्ड ऑफ एग्जामिनर्स,
राजस्थान, जयपुर